कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

पत्रांक– 407 / FP/UK/ROAD/20189/2016 :देहरादूनःदिनांकः 03 अगस्त, 2017

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,
थराली, चमोली।

विषयः– जनपद चमोली के अन्तर्गत सरकोट–देवसारी मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 5.964 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

सन्दर्भः–आपका पत्रंक 1190/36सी0 दिनांक 11–07–2017

महोदय,

आपके उपर्युक्त विषयक सन्दर्भित पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव का परीक्षण करने पर कतिपय कमियाँ पायी गयी, जो निम्नानुसार हैं :–

1. एफ0आर0ए0 में ग्राम पंचायत सरकोट की उपस्थिति एवं ग्राम पंचायत देवसारी की एन0ओ0सी0 संलग्न करें।
2. लागत–लाभ विश्लेषण को मात्रात्मक रूप में भरकर संलग्न करें एवं Cost Benefit Ratio में NPV@9.85 lakh/ha. से आंकलन किया गया है। अतः प्रस्ताव में संलग्न एन0पी0वी0 आंकलन के अनुसार सूचना भरी जाय।
3. प्रस्ताव में संलग्न छायाप्रतियों को सत्यापित कर लगाया जाय।
4. क्षतिपूरक वृक्षारोपण की योजना प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड द्वारा निर्धारित वर्तमान दर से संलग्न की जाय एवं योजना में सी0ए0 स्थल का नाम भी अंकित किया जाय।
5. बांज वृक्ष प्रभावित होने के कारण वन संरक्षक की स्थल निरीक्षण आख्या संलग्न करें।
6. एन0पी0वी0 आंकलन में कटिंग कर संशोधन किया गया है। अतः एन0पी0वी0 का आंकलन बिना कटिंग के धनत्व, ईको–क्लास एवं दर के अनुसार बनाकर संलग्न करें।

अतः उपरोक्त कमियों के निराकरण करने हेतु अपने किसी प्रतिनिधि को भेजकर प्रस्ताव इस कार्यालय से वापस प्राप्त कर लेवे एवं उपरोक्त के अतिरिक्त प्रस्ताव पर ऑनलाईन भरे जाने वाले कतिपय कमियों को भी पूर्ण किया जाय। प्रस्ताव प्रभागीय वनाधिकारी के माध्यम से तीन प्रतियों में इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें तथा पूर्ण प्रस्ताव प्राप्त होने पर ही अग्रेत्तर कार्यवाही किया जाना सम्भव होगा। इस कार्यालय को प्रेषित ऑनलाईन एवं ऑफलाईन प्रस्ताव में उक्त कमियों का निराकरण करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(विनीत कुमार पांगती)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी

संख्याः– 407 / FP/UK/ROAD/20189/2016 दिनॉकित

प्रतिलिपि प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(विनीत कुमार पांगती)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी